कार्यालय प्राचार्य, राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय
(साँभर लेक, जिला जयपुर – राजस्थान)

पता : फुलेरा रोड़, साँभर लेक – 303604 (जिला – जयपुर), राजस्थान
website ; http://hte.rajasthan.gov.in

ई – मेल : gcslake_raj24@yahoo.com
gcslake@gmail.com

टेलीफोन न. : 01425–228407
यू.जी.सी. कॉलेज कोड : 304010

क्रमांक :– रामसा/स्थापना/2024/2165 **दिनांक :– 15.02.2024**

स्थानीय संवाददाता,

दैनिक नवज्योति/राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर

साँभर लेक।

कृपया निम्न प्रेस नोट को अपने समाचार पत्र में स्थान देने का कष्ट करें।

प्रेस नोट

राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' महिला अध्ययन केन्द्र के तत्वाधान में दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 के मध्य किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके भिन्न कानुनी अधिकार तथा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियॉं उपलब्ध करवाना तथा उन्हें प्रशिक्षण देने का था। कार्यक्रम का प्रारम्भ 12.02.2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) डॉ. डी.सी. डूडी के उदबोधन के साथ होआ। जिसमें उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

दिनांक 12.02.2024 को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राधाकृषण ने महिला सुरक्षा एवं अधिकार कानुन की जानकारी दी। व्याख्ना के पश्चात राजनीतिक विज्ञान की सहायक आचार्य श्रीमती सुमन कुमारी द्वारा छात्राओं के साथ खुला संवाद किया गया। दिनांक 13.02.2024 को उड़ान प्रभारी श्रीमती शशि कुमावत के द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी दी गई। दिनांक 14.02.2024 को छात्राओं को लैगिंग हिंसा रोकथाम प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रेणुका वर्मा द्वारा महिला आत्मरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। व्याख्यान के बाद खुले संवाद में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन दिनांक 15.02.2024 को EAFM विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पूजा पारीक ने छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन एवं ई–बैंकिंग के बारे में जानकारी दी तथा छात्राओं को आर्थिक दृष्टि से स्वाभलम्बी होने का संदेश दिया।

सभी कार्यक्रम में छात्राओं ने खुब बढचढ़ कर भाग लिया।

प्रोफेसर (डॉ.) डॉ. डी.सी. डूडी
प्राचार्य
राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
साँभर लेक (जयपुर)